BCM School Basant Avenue DugriRoad,
Ludhiana
Assignment 3

पाठ **-5-** हौसलों की उड़ान
पाठ**- 6** स्वयं बने भाग्य निर्माता
मुहावरे

कक्षा **-**छठी
विषय **-**हिंदी

*निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. हौसलों की उड़ान कविता के कवि का नाम बताइए।
   * नीरू बत्रा
2. जीवन में कौन से विचार मनुष्य को ऊंचाइयों की ओर ले जाते हैं?
 * समय का सदुपयोग, मेहनत, दृढ़ता।
3. व्यापारी की पत्नी और बेटे का क्या नाम था?
 * व्यापारी की पत्नी का नाम कमला और बेटे का नाम आनीर था।
4. कमला ने सेठ से क्या प्रार्थना की?
  *कमला ने सेठ से प्रार्थना की कि काम के बदले में उसके बेटे को थोड़ा पढ़ा दिया करें।
5. व्यापारी की पत्नी की कोई दो विशेषताएं बताइए।
   * मेहनती और स्वाभिमानी
6. अनेकार्थी शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।
   क. हार-माला-मेरी माँ के पास मोतियों का हार है।
   पराजय-युद्ध में पाकिस्तानी सेना की हार हुई।
   ख. लाल-बेटा-राम का लाल होनहार है।
   एक रंग-चित्र में लाल रंग भरो।
7. वर्ण विच्छेद-
   क. नौकरी-न्+औ+क्+अ+र्+ई
   ख. व्यापारी-व्+य+आ+प्+आ+र्+ई
8. विलोम शब्द लिखिए-
   क. योग्य-अयोग्य
   ख. शक्तिशाली-शक्तिहीन
   ग. झूठ-सच
9. पर्यायवाची शब्द लिखिए-
क. पत्थर:- पाषाण, प्रस्तर
ख. शक्ति:- ताकत, बल
10. मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-
क. छक्के छुड़ाना-बुरी तरह हरा देना-भारतीय सेना ने युद्ध में पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ा दिए।
ख. उल्लू बनाना-मूर्ख बनाना-राम हमेशा सबको उल्लू बनाता रहता है।